हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 गायकों ने सुंदर भेटें सुनाकर माहौल को बनाया..



12 गणपति की प्रतिमा श्रद्धा के साथ स्थापित की



## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला के आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान को लेकर जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 29 को दोपहर बाद तीन बजे स्थानीय डीआरडीए हॉल में होनी निश्चित हुई है। बैठक पहले सुबह 10 बजे होनी थी। बैठक के टाइम में बदलाव करते अब बैठक दोपहर बाद तीन बजे होगी।

### कंटेनर की टक्कर से तीन पशुओं की मौत

**उचाना।** उचाना में नेशनल हाईवे 352 पर बीती रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। रात दो बजे जींद से नरवाना की तरफ जा रहे कंटेनर की टक्कर तीन आवारा सांडों से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सांडों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे बाद कंटेनर डिवाइडर से भी टकरा गया। सुरक्षा कारणों से जींद से नरवाना जाने वाली सड़क को एक तरफ से अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

### घर का ताला तोड़कर एक लाख की नकदी-फोन चोरी

**जींद।** गांव मोहम्मदखेड़ा में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर एक लाख रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव मोहम्मदखेड़ा निवासी कर्मबीर ने पुलिस को शिकायत दी है।

### प्लाट से मिट्टी बेचने के आरोप में पांच नामजद

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने बिरथे बाहरी के प्लाट से मिट्टी बेचने के आरोप में गांव की महिला सरपंच सहित 5 के खिलाफ केस दर्ज किया है। बिरथे बाहरी के अशोक ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 मार्च 2025 से लेकर 3 मई तक सरपंच रीना देवी, पंच जसवंत सिंह, राजकुमार, जयपाल, वेद प्रकाश ने ग्राम सचिव के साथ मिलकर उसके प्लाट से लाखों रुपए की मिट्टी बेच दी।

### रंजिशन मारपीट करने पर 3 के खिलाफ केस

**जींद।** गांव छात्तर में रंजिशन मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव छात्तर निवासी कर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कपूरा परिवार से कहासुनी हो गई थी।

### सबमर्सिबल की तार चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** गांव किठाना क्षेत्र में खेत से सबमर्सिबल की तार चोरी करने के मामले की जांच चौकी किठाना पुलिस के एचसी राकेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी गांव किठाना निवासी अरविंद, मनीष व मंदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव किठाना निवासी मनोज कुमार की शिकायत अनुसार 26 अगस्त वह सुबह खेत में गया तो देखा की उपरोक्त तीनों आरोपी उसके खेत से समर्सिबल की तार चोरी करके ले जा रहे हैं।

### स्वच्छ भारत अभियान को लेकर होने वाली बैठक स्थगित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि 29 अगस्त को सायं साढ़े तीन बजे स्थानीय लघु सचिवालय में स्वच्छ भारत अभियान बारे बैठक का आयोजन किया जाना था। जिसको अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### भाई पर हमला करने के मामले का आरोपी दबोचा

**कैथल।** वर्ष 2024 दौरान हरिपुरा में सगे भाई पर नाजायज असले से फायर कर जान से मारने की कोशिश करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हरिपुरा निवासी अजय की शिकायत अनुसार उसके भाई संजय उर्फ संजू के साथ कहासुनी हो गई थी।

---

### काम के पास ही चलती रही एमरजेंसी सेवाएं

# नागरिक अस्पताल के पुराने भवन का जीर्णोद्धार प्रारंभ, 15 करोड़ होंगे खर्च

### भवन को निजी अस्पतालों की तर्ज पर टफंड ग्लास से ढका जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के पुराने भवन के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो गया है। जीर्णोद्धार पर लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जानी है। प्रथम चरण में मुख्य गेट के पास से काम की शुरूआत की गई है। पहले दिन गेट को उखाड़ दिया गया। हालांकि स्वास्थ्य सेवाएं बाधिन न हो, इसका भी ध्यान रखा गया। पहले की तरह ही पुरानी बिल्डिंग में एमरजेंसी सेवाएं बहाल रही और मजदूर अपना काम करते रहे। हालांकि लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। बार-बार मजदूर काम रोकते रहे। अस्पताल प्रशासन को हर हाल में 17 सितंबर तक काम को पूरा करना है। अस्पताल का पुराना भवन जर्जर हालात में है और इसमें जगह-जगह सीलन है। पहले भवन को कंडम घोषित कर नए सिरे से बनाने की योजना बनी लेकिन यह योजना सिरे नही चढ़ पाई। हालांकि बिल्डिंग को बने हुए 50 साल से ज्यादा का समय हो चुका है और पुराने डिजाइन की बिल्डिंग बनी है। अब इस भवन को सुधारने के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये का अस्टीमेट तैयार कर कार्य की शुरूआत कर दी गई है। इस राशि से अस्पताल के भवन को निजी अस्पतालों की तर्ज पर टफंड ग्लास से ढका जाएगा। वहीं भवन के टपक रहे लेंटर का सुधार, वाहनों की पार्किंग, शौचालय समेत अन्य सभी जरूरत के सुधार किए जाएंगे। इसके अलावा फायर सिस्टम व इलेक्ट्रिक वर्क को भी पूरा किया जाएगा।



जींद। टूटे गेट से अस्पताल में प्रवेश करते लोग। फोटो:हरिभूमि

#### जल्द काम पूरा होगा

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बातया कि 17 सितंबर को सीएम नायब सैनी प्रदेशभर के अस्पतालों का इनोग्रेशन करेंगे। इसके साथ ही जींद के पुराने भवन का भी इनोग्रेशन होगा। प्रयास है कि जल्द से जल्द अस्पताल के जीर्णोद्धार का काम पूरा कर लिया जाए। वार्डों में एसी लगाए जाएंगे। पुरानी भवन के फ्रंट एरिया को टफंड ग्लास के साथ कवर किया जाएगा ताकि अस्तपाल की बिल्डिंग निजी अस्पतालों की तरह नजर आए।

#### जीर्णोद्धार के बाद ये मिलेगी सुविधाएं

भवण के जीर्णोद्धार से नए शौचालय, मरीजों की सुविधा के लिए वातानुकुलित यंत्र, फायर सुरक्षा यंत्र भी लगाए जाएंगे। मरीजों व उनके सहायकों की सुविधा के लिए व्यापक स्तर पर पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। वार्डों में 80 नए एसी लगाने की योजना भी है। हालांकि बिल्डिंग में लिफ्ट सिस्टम भी है लेकिन बिल्डिंग लिफ्ट चलाने के लिए लायक नही है। जिसके चलते लिफ्ट सिस्टम योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।



जींद। नागरिक अस्पताल के प्रथम तल पर गेट को तोड़ते मजदूर। फोटो:हरिभूमि

---



जींद। बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाते बिजली कर्मचारी।

# ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में उतरे बिजली कर्मी

- चार को मुखय अधीक्षक अभियनता कार्यालय हिसार पर प्रदर्शन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन सर्कल कार्यकारिणी की बैठक सचिव संदीप गिल की अध्यक्षता में अयोजित की गई। सर्कल सचिव धर्मबीर भम्भेवा व राज्य उपप्रधान संजीव ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि राज्य कार्यकारिणी के फैसले अनुसार ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में प्रदर्शन किए गए हैं। अब चार सितंबर को मुखय अधीक्षक अभियनता कार्यालय हिसार पर प्रदर्शन किया जाएगा। छह सितंबर को यूनिट कार्यकारिणी की बैठक कर दस सितंबर को एसीएस पावर हरियाणा सरकार के प्रदर्शन की तैयारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि बिजली जैसे जोखिम विभाग में ऑनलाइन तबादला नीत के बहुत ज्यादा नुक्सान हैं। जैसे फैटल और नॉन फैटल दुर्घटना में बढोत्तरी हुई है। बिजली जैसे विभाग में जितना जयादा अनुभव होगा, उतना कार्य जल्दी व सावधानीपूर्व होगा। ठेकेदारी प्रथा के कारण बिना स्टाफ की जानकारी के हर रोज नई लाइन खड़ी होती है।

#### ये रहे मौजूद

मैनेजमैंट सरकार के दबाव में इसे लागू करना चाह रही है। आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन इसका लगातार विरोध करेगी। अगर सरकार, विभाग और कर्मचारी हित में कार्य करना चाहती है तो लोड के अनुसार रेग्यूलर भर्ती करे। जोखिम का कार्य करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता लागू करे। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। सरकारी विभागों का निजीकरण हो। 29 अगस्त को अखिल भारतिय कर्मचारी संघ के आह्वान पर आठवें वेतन आयोग को लागू करवाने के लिए जींद के सभी कार्यालयों पर बैठक की जाएगी। इस मौके पर राज्य कमेटी नेता आनूप, राकेश ईक्कस, सफीदों के प्रधान पंकज भाटिया, रविंद्र सैनी, विक्रम संधू, विक्रम, कश्मीर, राजबीर, संदीप लाठर सहित अन्य कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

---

# हत्या प्रयास के दो दोषियों को सात-सात साल की कैद और 61000 जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीजे नंदिता कौशिक ने हत्या के प्रयास के एक मामले में दो लोगों को सात-सात साल की कैद और 61000 प्रत्येक को जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 5 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस बारे में 27 फरवरी 2023 को थाना ढांड में बलवान सिंह निवासी गांव कौल ने धारा 307, 323, 506 और 34 आईपीसी के तहत मुकदमा नंबर 33 दर्ज करवाया गया था। स्टेट की ओर से केस की पैरवी एडीए कुलदीप गर्ग ने की। कुलदीप गर्ग ने बताया कि बलवान ने अपने मकान पर चिनाई का काम शुरू कर रखा था। कन्नु उर्फ सतीश निवासी कौल उसके पास मजदूरी करता था। 22 फरवरी 2023 की शाम बलवान व कन्नु काम से फारिक होकर बाजार में चले गये। बलवान ने खुर्दे से एक बोतल शराब ली व कुछ खाने पीने का सामान लिया तथा कन्नु के चोबारे में चले गए।

#### प्रत्येक को 61000 जुर्माना

कन्नु के हाथ में चाकू था जिसने बलवान के पेट में तीन चार वार किए। ईशम सिंह ने भी पकडक़र उसको थप्पड़ मुक्के मारे। बलवान भाग कर नीचे आ गया। वहां से एक लडक़ा उसे सरकारी अस्पताल कौल ले गया। वहां से डाक्टर ने उसे करनाल का रेफर कर दिया। वहां से भी उसे रोहतक भेज दिया गया। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपने 33 पेज के फैसले में सतीश और ईशम सिंह को जान से करने के प्रयास का दोषी पाया तथा दोनों को सात-सात साल की कैद और 61000 प्रत्येक को जुर्माने की सजा सुनाई।

---

# गिरफ्तार छात्रों-पत्रकारों को रिहा करने की मांग

### किसान छात्र एकता संगठन ने विवि कुलसचिव को सौंपा मांगपत्र

- मनीषा को न्याय दिलाने में सरकार पूरी तरह असफल: सुमित लाठर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसान छात्र एकता संगठन ने गुरूवार को मनीषा की संदिग्ध मौत को लेकर आवाज उठा रहे पत्रकारों व छात्रों की रिहाई की मांग को लेकर विवि कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर ने कहा कि मनीषा हत्याकांड में जिस प्रकार छात्रों और पत्रकारों को गिरफ्तार कर उन पर एफआईआर दर्ज की है, वह अत्यंत अशोभनीय और लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि मनीषा को न्याय दिलाने में सरकार पूरी तरह असफल रही है। न्याय के लिए आवाज उठाने वाले छात्रों व पत्रकारों को डराने, धमकाने की कोशिश की जा रही है, जो निंदनीय है। इससे भविष्य में पत्रकारिता और मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थी भी भयभीत हैं कि कहीं न्याय मांगना ही अपराध न समझ लिया जाए और ऐसा न लगे कि न्याय से जुड़ी खबर दिखाना भी अपराध है।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते संगठन कार्यकर्ता। फोटो:हरिभूमि

#### गंभीर कमियां उजागर

बलराज कंडेला ने कहा कि सरकार ने मनीषा हत्याकांड में न्याय देने में जिस तरह की देरी की है, वह बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ है। तीन बार पोस्टमार्टम कराए जाने के बावजूद भी गंभीर कमियां उजागर होती हैं। जिससे साफ है कि पूरे प्रकरण को दबाने की कोशिश की जा रही है। अभिषेक जुलाना ने कहा कि किसी भी अपराध के लिए गलत इरादे का होना आवश्यक है। जबकि छात्रों और पत्रकारों का उद्देश्य केवल बहन मनीषा को न्याय दिलाना था न कि समाज को भड़काना।

---



अलेवा। थुआ निवासी सचिन को सम्मानित करते थुआ गांव के ग्रामीण।

#### खेल कोटे से सचिन सेना में हवलदार के पद पर भर्ती

**अलेवा।** गांव थुआ निवासी सचिन के खेल कोटे से भारतीय सेना में सीधे हवलदार के पद पर भर्ती होने पर गांव के स्कूल में शहीद मेमोरियल खेल व अध्ययन केंद्र थुआ द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सुनील थुआ ने की। प्रोफेसर सुनील थुआ ने बताया कि यह हमारे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। कहा कि सचिन बहुत गरीब मजदूर परिवार का बेटा है। कोरोना के कारण इनके पिता का 2021 में देहांत हो गया था। खेल की शुरुआत अपने गांव ग्राउंड के प्रशिक्षक अनील फौजी व अशोक के मार्गदर्शन में की। इसके बाद सचिन ने अपनी खेल की यात्रा सर छोटू राम खेल एकेडमी निर्जन जींद में कोच सूबेदार चांद चहल के नेतृत्व में आगे बढ़ाई । चांद चहल ने उनकी प्रतिभा को बेहतरीन ढंग से निखारा। गांव की खेल नर्सरी कोच बलराम व डीपीइ पिंकी देवी ने बताया की सचिन ने अभी 19 से 23 अगस्त तक श्रीनगर में खेलो इंडिया गेम में भाग लिया है।

---

# पहाड़पुर में बिजली निगम की लापरवाही

- स्ट्रीट लाइट का रुपये 1,11,000 से अधिक का बिल आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

बिजली विभाग की लापरवाही का मामला गांव पहाड़पुर में सामने आया है, जहां एक स्ट्रीट लाइट का बिल 1 लाख 11 हजार रुपये से भी अधिक आ गया। गांव के सरपंच हरपिंदर सिंह ने बताया कि गांव में खंभे पर एक स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। इसके लिए उन्होंने अलग से बिजली का मीटर लगवाया हुआ है ताकि सही हिसाब से बिल आ सके। अब तक इस मीटर का बिल लगभग 4000 के आसपास आता था और हर बार केवल एक ही यूनिट की खपत दिखाकर विभाग एवरेज आधार पर बिल भेजता रहा। परंतु इस बार विभाग की लापरवाही के चलते बिल में खपत 116 यूनिट दर्शाई गई और कुल बिल 1,11,355 बना दिया गया। सरपंच ने बताया कि इस मीटर से सिर्फ एक ही स्ट्रीट लाइट जुड़ी हुई है और इसके अलावा कोई अन्य उपकरण इससे नहीं चलता, ऐसे में इतना अधिक बिल आना पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि जब यह बिल देखा गया तो गांव के लोग हैरान रह गए। इस मामले में उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को लिखित शिकायत दी है और गलत बिल को ठीक करने की मांग उठाई है। गांववासियों का कहना है कि यदि ऐसे बिल आते रहे तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट जलाना भी मुश्किल हो जाएगा।



#### कंप्यूटर की गलती

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ आशीष गौतम ने बताया कि कंप्यूटर की गलती से यह बिल जनरेट हो गया होगा। जैसे ही उपभोक्ता बिल लेकर कार्यालय आएगा, बिल को ठीक कर दिया जाएगा। लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

---

# पुलिस कर्मचारियों पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश, कूद कर बचाई जान

- पुलिस ने दर्ज किया ट्रक चालक के खिलाफ जान लेने कोशिश का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना के निकट जींद-रोहतक नेशनल हाइवे पर रात को ट्रक चालक ने ईबीआर कर्मियों को रौंदने की कोशिश की। पुलिस कर्मियों ने साइड में कूद कर अपनी जान बचाई। लाखन माजरा नाके पर तैनात पुलिस कर्मी भी बाल-बाल बच गए। जुलाना थाना पुलिस ने ईबीआर इंचार्ज की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ जान लेने की कोशिश का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना ईबीआर इंचार्ज मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर रात वह ईबीआर स्टाफ के साथ जुलाना में जींद-रोहतक मार्ग पर डयूटीरत था। सूचना के आधार उन्होंने तेजरफ्तार ट्रक को रूकवाने की कोशिश की। चालक ने रोकने की बजाय ट्रक की स्पीड बढ़ा दिया और ईबीआर कर्मियों पर चढ़ाने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने साइड में कूद कर अपनी जान बचाई। जिस पर आरोपित ट्रक को लाखन माजरा की तरफ ले गया। सूचना के आधार पर नाके पर लाखन माजरा पुलिस ने ट्रक को रोकने की कोशिश की। चालक ने वहां पर पुलिसकर्मियों को ट्रक चढाने की कोशिश की।

---

### भारतीय डाक ने अमेरिका के लिए पोस्टल सर्विस की बंद

# अब भारत से अमेरिका नहीं भेजा जा सकेगा सामान

- जरूरी कागजात और गिफ्ट के अलावा दवाइयां व अन्य समान भेजना हुआ बंद

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

अब भारतीय डाक द्वारा अमेरिका में सामान नहीं भेजा जा सकेगा क्योंकि भारतीय डाक विभाग ने 25 अगस्त से अमेरिका के लिए ज्यादातर डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड कर दी है। हालांकि अभी यह फैसला अस्थाई रूप से लागू किया गया है। बता दें की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ के बीच भारत सरकार ने कड़ा रूख अपनाया है। भारत सरकार के डाक विभाग ने ऐलान किया है कि उसने अमेरिका के लिए सभी तरह की डाक वस्तुओं के आयात को अस्थाई तौर पर निलंबित करने का एक आदेश जारी किया है। डाक विभाग का यह एक्शन अमेरिका की ओर से 50 फीसदी टैरिफ के ऐलान के बाद आया है। मौजूदा समय में भारत से अमेरिका के लिए निर्यात किए जाने वाले सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगता है। 27 अगस्त से इसे बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया है। डाक विभाग ने 25 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी तरह के अंतरराष्ट्रीय डाक की बुकिंग बंद कर दी है लेकिन पत्र/दस्तावेज और 100 अमेरिकी डॉलर तक के गिफ्ट आइटम जैसी कुछ चीजें भेजी जा सकेंगी। सरकार के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जुलाई, 2025 को विशेष आदेश जारी किया था। इस आदेश के अनुसार 800 डॉलर तक के सामान पर लगने वाली ड्यूटी (सीमा शुल्क) की छूट खत्म कर दी गई है। पहले, कम कीमत वाले सामान बिना ड्यूटी के अमेरिका में आ जाते सकते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। ड्यूटी-फ्री छूट को 29 अगस्त 2025 से खत्म कर दिया जाएगा। लेकिन उसे पहले ही भारतीय डाक ने यह आदेश जारी करना बड़ा कदम माना जा रहा है।



#### अंतरराष्ट्रीय डाक की बुकिंग बंद

मुख्य पोस्टमास्टर कैथल संजय सोनी ने बताया कि 25 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी तरह के अंतरराष्ट्रीय डाक की बुकिंग बंद कर दी है। केवल पत्र या दस्तावेज भेजे जा सकते हैं।

---

# दंपती का अपहरण करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

- वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद अपहरण किए दंपती करवाए रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

थाना तितरम क्षेत्र अंतर्गत दंपती का अपहरण करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एक आरोपी को काबू कर अपहरण किए गए पीड़ितों को छुड़ा लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना तितरम क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसकी पुत्र व पुत्रवधू 26 को शाम के समय कैथल से उनके गांव की तरफ बाइक पर आ रहे थे। रास्ते में अज्ञात व्यक्तियों ने ब्रेजा गाड़ी को बाइक के आगे रोककर उसके पुत्र व पुत्रवधु को अगवा कर ले गए। जिस बारे थाना तितरम में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी आस्था मोदी ने जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट को सौंपकर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए गए। आरोपी सुनील का व्यापक पूछताछ के लिए वीरवार को अदालत से पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित

**जींद।** जींद जिले के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बीबीपुर गांव में उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें डीपी राजेंद्र सिंह कोच के द्वारा विद्यालय में अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के विषय में जानकारी देते हुए कहा सरकारी नौकरियां सीमित मात्रा में है। हमें हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए उद्यमिता के मार्ग को ही अपनाना चाहिए।

### पुराने सिक्के खरीदने का झांसा दे छह लाख की ठगी

जींद। साइबर ठगों ने पुराने सिक्के की ऑनलाइन सौदेबाजी कर एक व्यक्ति से खाते से छह लाख रुपये उडा लिए। साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर 11 निवासी सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास पुराने सिक्को का कलेक्शन है।

### जगत मेहरा बने यूनियन के प्रधान

जींद। हरियाणा गवर्नमैंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का पुनर्गठन यूनियन कार्यालय में हुआ। इसमें ब्रांच प्रधान जगत महेरा, चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, सचिव प्रवीण बड़ौत, कैशियर विकास, उपप्रधान भूप सिंह, ऑडिटर मनदीप, प्रचार सचिव अरुण, संगठन सचिव सोहन लाल, सहसचिव अंकित शर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया। मुख्य वक्ता राज्य प्रधान गंगा राम मौण ने छह सितम्बर और 13 को भिवानी व हिसार मंत्री के आवास पर धरना व प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

### भक्ति रस के लिए मन की स्थिरता जरूरी

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक पंडित रामनिवास अहिरका ने कहा कि आज संसार में बहुत से लोग मन में कुछ सोचते हैं, वाणी से कुछ बोलते हैं और कर्म से कुछ और ही करते हैं। जब तक हमारे मन वचन कर्म शुद्ध और एक रस नहीं हो जाते हम ईश्वर भक्ति के सत पथ पर आगे बढ़ ही नहीं सकते।

### फर्जी वैकेंसीज सोशल मीडिया पर वायरल

**जींद।** मेडिकल कालेज मे विभिन्न पदो के लिए आवेदनो की फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया पर डाले वायरल किए जाने का मामला सामने आया है। कालेज निदेशक की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ममले की जांच कर रही है।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन अवार्डस डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर 30 सितंबर तक कर सकते हैं। चयनित संस्था को 51 लाख रुपये नकद व प्रमाण पत्र तथा व्यक्ति को पांच लाख रुपये नकद और प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा।

### कसूहन के नागदेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

**उचाना।** कसूहन गांव के नागदेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा.अर्चना की। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री भी परिवार के साथ मंदिर में पूजा.अर्चना के लिए पहुंचे। दूरदराज से भी श्रद्धालुओं ने पूजा.अर्चना कर माथा टेका।

### चाणक्य स्कूल में मनाई गणेश चतुर्थी

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में गणेश चतुर्थी पर्व मनाया गया। प्राचार्या रितु ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानने और समझने का अवसर प्रदान करना होता है। गणेश चतुर्थी के इस पावन अवसर पर, बच्चों ने गणेश जी की पूजा में भाग लेकर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी प्राप्त की।

---

*रिद्धि सिद्धि क्लब ने गणेश उत्सव का किया भव्य आगाज*

# गायकों ने सुंदर भेटें सुनाकर माहौल को बनाया भक्तिमय

*डिप्टी स्पीकर ने किया भगवान गणपति की महिमा का गुणगान*

**प्रतिदिन भजन संध्या, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। भगवान गणपति को नमन करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

भारत सिनेमा रोड पर रिद्धि सिद्धि क्लब द्वारा गणेश उत्सव का भव्य आगाज किया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की बागडोर संरक्षक राजन चिल्लाना व प्रधान सुभाष चंद्र अनेजा ने संभाली। समारोह में गायकों ने सुंदर-सुंदर भेटें सुना कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गायकों ने जय गणेश-जय गणेश देवा, देवा ओ देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़ कर कौन, तेरी जय हो गणेश के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। घर में पधारो गजानन जी और रिद्धि सिद्धि के दाता सुनो गणपति जैसे भजनों ने माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने भगवान गणपति की महिमा का गुणगान किया और कहा कि गणपति विघ्नहर्ता हैं, जो भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर सुख व समृद्धि प्रदान करते हैं। उन्होंने रिद्धि सिद्धि क्लब के इस आयोजन की सराहना की और इसे सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाला बताया। रिद्धि सिद्धि क्लब के प्रधान सुभाष चंद्र अनेजा व संरक्षक राजन चिल्लाना ने बताया कि आयोजन तीन दिनों तक



जींद। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं द्वारा रखे गए भगवान गणपति के स्वरूप।

चलेगा। जिसमें प्रतिदिन भजन संध्या, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं लाइव पेंटिंग का भी कलाकार प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और गणेश उत्सव की इस भव्य शुरुआत का आनंद लिया।

---

# छात्राओं को लाइब्रेरी का महत्व बताया

- हिंदू कन्या महाविद्यालय में हुआ लाइब्रेरी ओरिएंटेशन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। छात्राओं को संबोधित करते डा. पिंकी। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कन्या कालेज में पुस्तकालय विभाग द्वारा छात्राओं के लिए लाइब्रेरी ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा की गई। इस कार्यक्रम के संचालन का उद्देश्य छात्राओं को लाइब्रेरी की विभिन्न सुविधाओं और संसाधनों से परिचित कराना था। पुस्तकालयाध्यक्षा डा. पिंकी ने छात्राओं को लाइब्रेरी के महत्व और इसके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया कि लाइब्रेरी के माध्यम से शोध कार्यों को आसानी से पूरा किया जा सकता है और अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। छात्राओं को लाइब्रेरी के डिजिटल संसाधनों, पुस्तकालय सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने लाइब्रेरी की विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया और अपने सवालों के जवाब प्राप्त किया। इस अवसर पर रेखा सैनी, नीलम, डा. नीलम, डा. सुषमा गर्ग, क्रांति, शिवानी, रजनी, मेनका व कांता उपस्थित रहे।



नरवाना। मुकेश यादगार समिति के चुने पदाधिकारी व सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### अवधेश शर्मा फिर बने प्रधान

**नरवाना।** मुकेश यादगार समिति रजि. नरवाना की एक बैठक यहां हुई। जिसमें 24 अगस्त को हुई मुकेश नाइट की समीक्षा की गई और नए सत्र 2025-26 के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वप्रथम दो मिनट का मौन रख कर सभी सदस्यों ने मुकेश को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सर्वसम्मति से डा. एसके सिंगला को संरक्षक, अवधेश शर्मा को लगातार 10वीं बार प्रधान, संजय चौधरी और डा.. भूप सिंह को वरिष्ठ उप प्रधान, रमेश वर्मा और सुमित शर्मा को कनिष्ठ उपप्रधान, सुदर्शन सिंगला को महासचिव, सरीन सिंगला व ओमप्रकाश को सचिव, गौतम गर्ग को प्रेस प्रवक्ता, विकास मित्तल को कार्यक्रम संयोजक और पुनीत जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी ने करतल ध्वनि से तालियों की गडगड़ाहट से नए पदाधिकारियों का स्वागत कर हौंसला बढ़ाया।

### शुद्ध रसोई की उचाना में शुरूआत सराहनीय कार्य

**उचाना।** उचाना उपमंडल कार्यालय के सामने चल रही करीब तीन सालों से निरूशुल्क शुद्ध रसोई में एक दिन का भंडारा स्वतंत्रता समूह सेवा समिति द्वारा दिया गया। शुद्ध रसोई का संचालन समाज सेवी ओमप्रकाश भौंगरा द्वारा किया जाता है। समिति सदस्यों द्वारा शुद्ध रसोई में सेवा करते हुए भंडारा वितरित किया। रणबीर श्योकंद एवं शेर चहल ने बताया कि शुद्ध रसोई उचाना में शुरू करना पुण्यकारी एवं सामाजिक सेवा का कार्य है। यहां पर भरपेट भोजन दोपहर को खिलाया जाता है। सामाजिक एकता को भी बढ़ावा मिलता है। शुद्ध रसोई की सराहना समिति चेयरमैन प्रदीप मोर, प्रधान कृष्ण श्योकंद ने की। इस मौके पर मनोज शर्मा, सूरजमल ग्रोवर, महेंद्र लोधर, अजीत श्योकंद, रामदत्त शर्मा, नरेंद्र खापड़, नरेश उझाना, लखविंद्र सुंदरपुरा मौजूद रहे।

---

# अस्सी बच्चों का हीमोग्लोबिन व ब्लड जांचा

- भारत विकास परिषद केशव शाखा ने लगाया एनीमिया जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना।ईरा इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों की एनीमिया जांच करते स्वास्थ्य कर्मी।

भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना के द्वारा इरा इंटरनैशनल स्कूल, डूमरखां कलां में एनीमिया जागरूकता अभियान के तहत एक जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 80 बच्चों का हीमोग्लोबिन व ब्लड ग्रुप की जांच की गई। जिन बच्चों का हीमोग्लोबिन सामान्य से कम पाया गयाए उन्हें परिषद परिवार की ओर से आयरन टैबलेट एवं सिरप उपलब्ध कराए गए। साथ ही बच्चों को ऊर्जा बढ़ाने के लिए ग्लूकोन डी के पैकेट भी वितरित किए गए।बच्चों के ब्लड ग्रुप जांच कर उन्हें ब्लड ग्रुप की स्लिप भी वितरित की गई ताकि भविष्य में जरूर के समय काम आ सके। शिविर में ईरा इंटरनैशनल स्कूल के डायरैक्टर जुगमिंदर श्योकंद, प्रिंसिपल रणधीर सिंह एवं जसवंत श्योकंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। बच्चों का हीमोग्लोबिन और ब्लड ग्रुप टेस्ट सुरेंद्र और विकास के सहयोग से किया गया। परिषद परिवार की ओर से संरक्षक सतीश सेतिया, महिला संयोजिका संतोष जैन, सेवा संयोजिका उषा वर्मा, भारत जानो प्रकल्प प्रमुख वेद प्रकाश वर्मा, डा. सुरेंद्र मलिक, पवन सिंगला, प्रताप श्योकंद सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### नशे से परिवार का नाश : डा. कुलबीर

जींद। छोटूराम किसान कालेज में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में नशा मुक्त अभियान के तहत सामाजिक जागरूकता रैली व पौधारोपण के कार्यक्रम करवाए गए। कालेज प्राचार्य डा. कुलबीर रेढू के द्वारा सामाजिक जागरूकता रैली का आगाज किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि नशा मीठा जहर है जोकि शरीर में धीरे-धीरे प्रवेश करके स्वयं का नाश तो करता है साथ में परिवारए समाज और देश का भी नुकसान करता है। जागरूकता रैली रेड रिबन क्लब की संयोजिका डा. मीनाक्षी के द्वारा संत नगर में से निकाली गई। विद्यार्थी के द्वारा वहां की जनता को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। पौधारोपण के दौरान भी बच्चों को बताया गया है जैसे हम पौधे को पानीए खाद से सींचते है वैसे ही हमें अपने शरीर को नशों से दूर रख कर स्वस्थ व निरोग रह सकते हैं।

---

# मांगों को लेकर गरजे निर्माण मजदूर

- निर्माण मजदूरों की बंद साइट खोले जाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते निर्माण मजदूर। फोटो :हरिभूमि

निर्माण मजदूरों की बंद साइट खोले जाने, मजदूरों की तसदीक का अधिकार यूनियनों को देने, 26 हजार रुपये मासिक मजदूरी व एसओपी सिस्टम बंद किए जाने व अन्य मांगो को लेकर निर्माण मजदूरों ने लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले निर्माण मजदूर नेहरू पार्क जींद में एकत्रित हुए और जनसभा की। अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू जिला कमेटी जींद के प्रधान जोगिंद्र ईगराह, संचालन जिला सचिव संदीप जाजवान व सह सचिव पवन कुमार ने किया। राज्य महासचिव सुखबीर सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार भ्रष्ट अधिकारियों व दलालों पर कार्यवाही की बजाए लाखों निर्माण मजदूर व कारीगरों पर कार्यवाही कर रही हैं। सरकार की तानाशाहीपूर्ण रवैये के चलते दो महीने से बोर्ड की साइट को बंद कर दिया है। जिस कारण 10 लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की सुविधाओं पर अनिश्चित काल के लिए रोक लगा दी है। साइट के बंद होने से निर्माण मजदूर ना केवल पंजीकरण से वंचित हो रहे हैं बल्कि तमाम सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ रहा हैं। कपूर सिंह, रमेश चंद्र, राधेश्याम, सुरेश करसोला, सुभाष मौजूद रहे।

---



नरवाना। आदर्श स्कूल में विजेता खिलाडियों को सम्मानित करते प्रबंधक समिति।

### आदर्श स्कूल के खिलाड़ी छाए

**नरवाना।** विद्या भारती उत्तर क्षेत्र की 36वीं खेलकूद प्रतियोगिता गत 23 अगस्त से 27 अगस्त तक रोहतक, कुरूक्षेत्र, शाहबाद आदि स्थानों पर आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व दिल्ली के बहुत सारे खिलाडियों ने अपने.अपने खेलों में भाग लिया। जिसमें आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय नरवाना के खिलाड़ियों ने तीरंदाजी में आयु वर्ग अंडर 17 छात्र आदित्य और दीपक ने स्वर्ण पदक एवं बॉक्सिंग में 54-57 किग्रा भार वर्ग में सुमित ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उत्तर क्षेत्र में हॉकी आयु वर्ग अंडर 17 टीम चिराग, साहिल, अंकित, देव, रूद्र, लवकुश, मोहित, अमन, हरदीप, हर्ष, आर्यन, अक्षित, प्रांजल, आर्यन, कशिश ने भी 5-1 के मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं ट्रॉपुी उत्तर क्षेत्र के नाम की। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष कृष्ण, प्रबंधक दिनेश, कोषाध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर एवं समस्त समिति सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वंदना सभा में सभी खिलाडियों को मेडल एवं ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया।

# स्वास्थ्य केंद्र रामराय में सैकड़ों पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय में पौधारोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अमृता देवी के बलिदान दिवस को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर सभी एनएचएम एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय सैकड़ों पौधे लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ वातावरण व हरियाली का महत्व समझाना था। कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी ताकि ये बड़े होकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संगठन मंत्री जितेंद्र वत्स ने बताया कि जिस प्रकार एक पेड़ जीवनदायी ऑक्सीजन देता है उसी प्रकार हर इंसान को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने जनता से भी अपील की कि पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझें और अधिक से अधिक पौधे लगाए अमृता देवी बिश्नोई का बलिदान दिवस हर साल वन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को खेजड़ली के पेड़ों को बचाने के लिए अमृता देवी और 362 अन्य लोगों के बलिदान की याद में मनाया जाता है। जो खेजड़ली नरसंहार में शहीद हुए थे।



जुलाना। मालवी गांव का दौरा करते भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी।

### जलभराव का लिया जायजा

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव को जलभराव को लेकर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने दौरा किया। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि बरसाती पानी की निकासी के लिए सिंचाई विभाग द्वारा पाइप लाइन बिछाकर पंप सेट लगाए गए हैं। सरकार और प्रशासन किसानों की जलभराव की समस्या को लेकर गंभीर है। सिंचाई विभाग द्वारा जलभराव की स्थिति से छुटकारा दिलाने के लिए जुलाना क्षेत्र में 12 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाई है। पानी की निकासी के लिए 24 घंटे बिजली का प्रबंध किया गया है। मालवी गांव में दो तालाबों के ओवरफ्लो होने पर निकासी के लिए पंप सेट लगाए गए हैं। निकासी का काम 24 घंटे चल रहा है। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकासी नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है।

---

*हर्ष इंटरनेशनल स्कूल में गणपति बप्पा का भव्य स्वागत*

# गणपति की प्रतिमा श्रद्धा के साथ स्थापित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

नगर के स्कूलों में गणपति उत्सव की धूम रही। हर्ष इंटरनेशनल स्कूल में गणपति बप्पा के स्वागत में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। हर्ष इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणपति का भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम गणपति की सुसज्जित एवं भव्य प्रतिमा को प्रतिमा को पूरी श्रद्धा के साथ विद्यालय प्रांगण में स्थापित किया गया। प्रार्थना सभा मंच पर कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी के सभी छात्र और छात्राओं के द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं भाषण प्रस्तुत किया गया एवं पांच विद्यार्थियों के द्वारा गणेश स्तुति की सुंदर प्रस्तुति की गई। प्रधानाचार्य एवं सीईओ संजीव ने सभी को भगवान गणेश के विषय में बताते कहा कि हिंदू धर्म में भगवान श्रीगणेश जी को विघ्न विनाशक और सभी सुखों को प्रदान करने वाला देवता माना गया है। साथ ही मुख्यअतिथि अमृता सैनी जो भारत तिब्बत समन्वय संघ के साथ साथ-विश्व हिंदू परिषद में सहसंयोजिका हैं, भारतीय संस्कृति को किस प्रकार हम अपनी धरोहर के रूप में संजोजकर रख सकते हैं। इसके विषय में बहुत ही विस्तार से विद्यार्थियों को बताया। उनके साथ ही सोनिया जोकि ब्रह्माकुमारी आश्रम रोहतक रोड ब्रांच से हैं उन्होंने अपने निर्मल विचार विद्यार्थियों के सम्मुख रखे। साथ ही कोऑर्डिनेटर रेणु लाठर, आकाश, नीलम, सुनीता दलाल व कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी के सभी अध्यापिकाओं ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायता की।

### बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी

विद्यालय में भगवान गणेश का स्वागत बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ किया गया। बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर पूरे वातावरण को उल्लास और आनंद से भर दिया। इस अवसर पर बच्चों ने भजनों, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों, भगवान गणेश की कथाओं तथा सृजनात्मक कला गतिविधियों में भाग लिया। इन सबके द्वारा उन्होंने गणेश चतुर्थी के महत्व को समझा जो कि ज्ञान, समृद्धि और नए आरंभ का प्रतीक है। स्कूल की प्रधानाचार्य ने बच्चों की प्रतिभा देख उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारे नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को एकता, आनंद और सांस्कृतिक परंपराओं की भावना में डूबते देखना वास्तव में हृदयस्पर्शी रहा।



आयोजित बैठक में पुलिस कर्मचारियों को जरूरी हिदायत देते डीएसपी संजय कुमार।

### ड्यूटी का ईमानदारी से करें निर्वाह

**अलेवा।** पुलिस स्टेशन अलेवा व नगूरां पुलिस चौकी में कार्यरत सभी पुलिस कर्मचारी शिकायत लेकर आने वाले ग्रामीणों से नरमी से पेश आते हुए विवाद का आपसी सहमति से निपटारा कराने का प्रयास करें। थाने में पुराने व लंबित मामलों का उच्च अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द हल कर निपटारा कराएं। किसी भी पुराने व लंबित मामले में बरती गई लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दास्त नही की जाएगी। ये हिदायत वीरवार को उचाना के डीएसपी संजय कुमार ने अलेवा पुलिस स्टेशन में आयोजित बैठक में पुलिस कर्मियों को दी। उन्होंने थाना व नगूरां चौंकी प्रभारी को हिदायत देते हुए कहा कि चोरी व क्र इम की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गस्त बढ़ाए। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीणों के साथ अच्छा तालमेल बनाते हुए नशे आदि पर रोक लगवाएं। डीएसपी ने कहा कि गांव में चलाए जा रहे शराब के अवैध खुर्दो पर पंचायत व गणमान्य लोगों के सहयोग से अंकुश लगाए। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शिक्षा व खेलों में ध्यान आकर्षित करने में विशेष भूमिका निभाएं।

## खबर संक्षेप



### स्लोगन लेखन में दीपिका रही प्रथम

**कैथल।** राजकीय आईटीआई महिला कैथल में उद्यमिता दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह गिल ने की। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर उद्यमिता पर विचार गोष्ठी के साथ-साथ स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेंद्र सिंह ने कहा कि आज का युवा केवल नौकरी के पीछे दौड़ रहा है। युवाओं को चाहिए कि वे स्वरोजगार को बढावा देते हुए दूसरों को भी रोजगार देने का काम करें। कार्यक्रम में स्लोगन लेखन में दीपिका प्रथम, रोजी द्वितीय तथा सलोनी तीसरे स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में नीतू सैनी प्रथम, चेतन द्वितीय तथा प्रीति तीसरे स्थान पर रही।

### महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपये :सतपाल

**पूंडरी।** पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के हित में लगातार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। भाजपा सरकार जो वायदे जनता के साथ करती है, उन्हें पूरा करती है। विधानसभा चुनाव में प्रत्येक महिला को किए गए 2100 रुपये देने की योजना का वायदा आज भाजपा सरकार ने पूरा कर दिया है।

### गोगा मेड़ी पर लगा विशाल मेला

**राजौंद।** नगर के कैथल रोड पर स्थित गोगा माड़ी के स्थान पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को विशाल मेला लगा। मेले में ढेरू के साथ समेईये भजन गाते हुए हर श्रद्धालु को छड़ी चढ़ाने के लिए गोगा माड़ी के स्थान पर ले जा रहे थे। छड़ी चढ़ाने का यह सिलसिला दोपहर 10 बजे शुरू हो गया था। इस दिन छड़ी चढ़ाने का विशेष महत्व है। जिन लोगों की मन्नतें पुरी होती हैं। वह गोगा माड़ी में मत्था टेक अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हुए गोगा माड़ी पर छड़ी चढ़ाते हैं। इस मेले में आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचते हैं।

### आरकेएसडी में लगाया योगाभ्यास कैम्प

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल की एनसीसी के कैडेटस ने विकसित भारत 2047 अभियान के तहत एक योगाभ्यास कैम्प का आयोजन किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के योग विशेषज्ञ प्रो श्रवण ने विभिन्न योग क्रियाओं का संचालन करवाया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजबीर पाराशर एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ रघुबीर लाम्बा ने कैडेटस को योग के महत्व एवं विकसित भारत की दिशा में आवश्यक कदम बताया।

# स्वच्छता समाज और राष्ट्र की प्रगति का है आधार : सुरेश

- स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य की रक्षा करती है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की प्रगति का माध्यम भी है

## अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न प्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ मिलकर चलाया सफाई अभियान



ढांड। सफाई अभियान चलाते जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश व भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश व भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न प्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत ड्रेन व अन्य मुख्य केंद्रों पर सफाई की गई। दोनों ने स्वयं इस सफाई अभियान में विभिन्न जगह की सफाई में योगदान दिया। सीईओ सुरेश राविश ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें स्वच्छता की इस मुहिम में शामिल होना है और अपने घर, गली, चौराहों को साफ-सुथरा बनाना है। सफाई का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य की रक्षा करती है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार भी है। स्वच्छ वातावरण में स्वच्छ मस्तिष्क और स्वस्थ शरीर का विकास होता है। उन्होंने दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों में डस्टबीन रखने के लिए भी कहा, ताकि कूड़े कचरे का प्रबंधन सही से हो। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा हर क्षेत्र में विकास की राह पर है। सीएम द्वारा जहां प्रदेश के विकास को लेकर हर रोज नई-नई योजनाएं लागू करवाई जा रही हैं। वहीं युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए मैराथन जैसे अभियान चलाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सामाजिक स्वच्छता पर भी जोर दिए हुए हैं। अब उन्होंने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान शुरू किया है। इसी क्षेत्र में ढांड क्षेत्र में यह सफाई अभियान चलाया गया है। चुनावी वायदा पूरा कर मुख्यमंत्री ने दिया महिलाओं को तोहफा-भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी 24 घंटे जनसेवा में जुटे हैं। विधानसत्र के व्यस्त सत्र के अगले ही दिन उन्होंने कैबिनेट की बैठक बुलाई और केवल एक ही एजेंडा रखा गया।

### साफ-सफाई में करें सहयोग

*उन्होंने कहा कि सफाई केवल सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, यह जिम्मेदारी हम सबकी है। हमारा लक्ष्य है कि हर गांव और शहर साफ-सुथरा और सुंदर हो। हमें सभी सड़कें, गलियां, सार्वजनिक स्थल, स्कूल, अस्पताल और शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान देना है। गंदगी होने पर हमें गीला व सूखा कचरा को अलग-अलग डस्टबीन में डालें। सफाई से न केवल बीमारियां कम होती है, बल्कि हमारे शहर और गांव सुंदर और आकर्षक बनते हैं। यह तभी सफल हो सकता है, जब हर नागरिक जिम्मेदारी समझकर सहयोग करें। इस मौके पर नगर पालिका चीका चेयरपर्सन रेखा रानी, महेंद्र सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य, ग्राम सचिव व ग्रामीण मौजूद रहे।*

### थाना चीका पुलिस द्वारा नशा तस्कर काबू

**कैथल।** थाना चीका पुलिस द्वारा चीका क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 2 किलो 150 ग्राम चुरापोस्त सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना चीका एसएचओ पीएसआई अमन कुमार की अगुवाई में एएसआई जसबीर सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान नई अनाज मंडी चीका से कैथल रोड़ पर मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि गांव सीँह निवासी नरेश कुमार चुरापोस्त बेचने का काम करता है। जो अभी नशीला पदार्थ चूरापोस्त लेकर बाइक पर सवार होकर सेगा प्लाट से चीका होते हुए अपने गांव सीँह जाएगा। जहां कुछ समय बाद बाइक पर सवार आए संदिग्ध गांव सीँह निवासी नरेश कुमार को पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया गया। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में पॉलीथिन से 2 किलो 150 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ।

## पीएचसी की जर्जर छत से हर समय लगा रहता हादसे का डर

# मौत के साये में काम करने को मजबूर स्वास्थ्य केंद्र कर्मचारी

सरकार द्वारा भी इस भवन को कंडम घोषित किया जा चुका है लेकिन मजबूरन कर्मचारियों को यहां काम करने के लिए होना पड़ रहा मजबूर

*कर्मचारियों को हर समय मौत का डर सता रहा है पीएचसी की छत इतनी जर्जर हो चुकी है कि किसी को भी नहीं पता कि वह किस समय गिर जाए। मजे की बात यह भी है कि सरकार द्वारा भी इस भवन को कंडम घोषित किया जा चुका है।*







**कैथल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालू की जर्जर हालत को बयां करती तस्वीर। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. कैथल

दूसरों को स्वास्थ्य की जिम्मेवारी उठाने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालू के कर्मचारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालू में खुद अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं। कर्मचारियों को हर समय मौत का डर सता रहा है पीएचसी की छत इतनी जर्जर हो चुकी है कि किसी को भी नहीं पता कि वह किस समय गिर जाए। मजे की बात यह भी है कि सरकार द्वारा भी इस भवन को कंडम घोषित किया जा चुका है लेकिन मजबूरन कर्मचारियों को यहां मौत के साए में काम करने पड़ रहा है। बता दें कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालू में नए केवल गांव बल्कि आसपास के गांव रामगढ, वजीरनगर, कसान, चौशाला, जुलानीखेडा आदि गांवों के भी मरीज स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आते हैं लेकिन जब खुद डॉक्टर की मौत के साए में रह रहे हो तो किस प्रकार से लोगों का स्वास्थ्य है ठीक कर पाएंगे इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। वर्तमान में स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि भवन की छत से सीमेंट व सरिये सरेआम दिखाई देते हैं। यही कारण है कि यहां पर न तो कोई चिकित्सक आना चाहता तथा न ही अन्य कर्मचारी। विभाग द्वारा ड्यूटी लगाई जाने पर मजबूरन कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी निभानी पड़ती है। वर्तमान में यहां पर करीब एक दर्जन कर्मचारी लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि गांव बालू में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन के लिए प्रस्ताव पास हो चुका है तथा सरकार की ओर से भी इसकी मंजूरी मिल चुकी है लेकिन यह अभी भविष्य के गर्त में है कि कब टेंडर होगा तथा कब डॉक्टरों को नया भवन हासिल होगा। लेकिन जब तक नया भवन तैयार नहीं हो जाता तो कर्मचारियों को मजबूरन यहीं पर काम करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उपायुक्त तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा कि जब तक नया भवन तैयार नहीं हो जाता उनके लिए किसी अन्य भवन की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि वह अपनी ड्यूटी का निर्वहन सहित तरह से कर सकें।

### नए भवन की तलाश जारी

सीनियर मेडिकल ऑफिसर राजीव मित्तल ने बताया कि बिल्डिंग कंडोम हो चुकी है तब तक नई बिल्डिंग बने नहीं सिरे चढ़ती तब तक ग्राम पंचायत के माध्यम से और बिल्डिंग की तलाश जारी है जैसे ही बिल्डिंग मिल जाएगी वहां सेट कर दिया जाएगा।

## आईटीआई प्रांगण की सफाई

# स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय आईटीआई कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट के छात्रों द्वारा एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। संस्थान में गत वर्ष उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा एक यूनिट आवंटित की गई है। इसमें संस्थान में 2 वर्षीय कोर्स के सत्र 2025-27 के प्रथम वर्षीय व्यवसाय के छात्रों में से एनएसएस की यूनिट के लिए छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया। चयन प्रक्रिया मैनेजिंग कमेटी राष्ट्रीय सेवा योजना व जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल के मार्गदर्शन में पूरी की गई। आज यूनिट के प्रथम वर्षीय चयनित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन एवं जागरूकता सेमिनार व सफाई अभियान आयोजित किया गया।

### भाविप ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता करवाई



**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर पुंडरी की और से सांस्कृतिक पखवाड़ा के तहत गवर्नमेंट स्कूल टियोंठा में मेहंदी, रंगोली एंड ड्राइंग कॉम्पीटिशन करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके और वंदे मातरम् गीत से हुई। पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता के लिए बच्चों को एनवायरनमेंट से संबंधित पौधे लगाने, पानी बचाने को लेकर जागरूकता अभियान का टॉपिक दिया गया। स्कूल के स्टाफ मैडम सुमन और मीना खुराना का विशेष सहयोग रहा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**पूंडरी।** *डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में अमर शहीद लाला जगत नारायण की पुन्यातिथि के उपलक्षय में नोबल ब्लड बैंक कैथल के सहयोग से एनएसएस यूनिट के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षिक आस्था मोदी जी विशेष रूप से मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुईं। स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित मिड्डा व अन्य स्टॉफ सदस्यों द्वारा मुख्यातिथिति का स्वागत किया गया। इस मौके पर इस रक्तदान शिविर में 68 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। जिला पुलिस अधीक्षिका द्वारा रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षिका द्वारा स्कूल प्रांगण में पौधा रोपण भी किया गया।*

## निबंध लेखन में सोनिया रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** छात्रा सोनिया को सम्मानित करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

एससीईआरटी डाइट के दिशानिर्देशों से डाइट कैथल के संसाधन इकाई द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कम डाइट कैथल की प्राचार्य डा. विजय लक्ष्मी की अध्यक्षता में डाइट कैथल में जिला स्तर की विभिन्न प्रतियोगियों का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन डाइट संसाधन इकाई के इंचार्ज राजकुमार द्वारा किया गया।इसमें वर्तमान विषयों पर निबंध लेखन , पोस्टर मेकिंग, कार्टून मेकिंग, वाद विवाद प्रतियोगिता को शामिल किया गया था। इसमें जिला कैथल के सभी खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्राध्यापक सुनील कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढूंढवा कोलेखा की कक्षा बारहवीं की छात्रा कुमारी सोनिया ने निबंध लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### पुण्डरी शहर को स्वच्छ व सुंदर व स्वच्छता अभियान में नंबर-1 बनाने में आमजन करे सहयोग: अजय

**पूंडरी।** पूंडरी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगरपालिका पुण्डरी में एसडीएम अजय सिंह नें सभी नगर पार्षदो व शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं की बैठक ली। तथा उनके सुझाव लेने के साथ-साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पार्षदो व संस्थाओं से इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की। एसडीएम अजय सिंह नें बताया की इस अभियान में पुण्डरी शहर की सुंदर बनाने व स्वच्छता को लेकर कार्य किए जाएंगे। यह अभियान 11 सप्ताह तक चलेगा, जिसमें शहर, सरकारी कार्यालय, विद्यालय, अस्पताल व सार्वजनिक स्थानों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एसडीएम ने नगरपालिका सचिव को शहर की सडकों, गलियों, नालियों की साफ-सफाई के साथ उनके दुरुस्तीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में लगी सभी स्ट्रीट लाइटें चैक की जाएं, सडकों पर साइन बोर्ड लगाए जाएं, डिवाइडरों पर पौधे लगाए जाएं। उ उन्होंने नगरपालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि शहर में जो भी दुकानदार, रेहड़ी संचालक, प्लास्टिक पॉलीथिन का इस्तेमाल कर रहा है, उसका चालान किया जाए।

**सूचना**

मैं, नफे सिंह पुत्र श्री अमर सिंह निवासी गांव रायचंदवाला, तहसील अलेवा, जिला जींद, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विक्रम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, बलवान सिंह पुत्र श्री दीपचन्द निवासी रधाना, जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राकेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अभियान में जुटे नगर परिषद के लगभग 400 सफाई कर्मचारी

# शहर में गंदगी के खिलाफ सड़कों पर उतरे नगर परिषद के अधिकारी, दी हिदायत

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने किया शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. कैथल



एडीसी दीपक बाबू लाल करवा सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान नवंबर तक चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सभी अधिकारियों को फील्ड में उतरने को कहा गया है और आमजन को स्वच्छता अभियान में जुड़ने का आह्वान किया गया है। इसी के अंतर्गत डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया और सफाई कार्य का जायजा लिया। नगर परिषद के लगभग 400 सफाई कर्मचारी इस सफाई की मुहिम में जुटे हुए हैं। आमजन भी अपने घरों, गलियों, आसपास के क्षेत्रों में सफाई करने में सहयोग करें। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा वीरवार को सबसे पहले अमरगढ़ गामड़ी, राजकीय स्कूल नंबर 4, सब्जी मंडी, भगत सिह चौक, छात्रावास रोड, पुराना बस स्टैंड से होते हुए पिहोवा चौक आदि स्थानों पर पहुंचे, जहां उन्होंने रेहड़ी-फड़ी व दुकानदारों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया और कहा कि वे सड़कों पर अतिक्रमण न करें, जिससे आमजन को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं दुर्घटनाएं होने का भी अंदेशा बना रहता है।

वह निर्धारित स्थानों पर ही अपनी रेहड़ियां लगाएं। अपनी-अपनी दुकानों के सामने सफाई बनाए रखें। काम काज के बाद जो भी कचरा उत्पन्न हो, उसका नियमानुसार निस्तारण करके ही जाएं। उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना हमारी सबकी साझी जिम्मेदारी है। आमजन कूड़ा करकट को रोड पर नं फेंकें, निर्धारित स्थानों पर ही डालें। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को कहा कि वे अपने कार्यालयों के साथ-साथ शहर में निरंतर सफाई व्यवस्था बनाए रखें और दुकानदारों व आमजन को सफाई के प्रति जागरूक करते रहे। कूड़े के ढेर का उठान समयबद्ध किया जाए और इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए। इस मौके पर नगर परिषद के ईओ कुलदीप, कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार, सचिव भानू शर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

रेहड़ी-फड़ी व दुकानदारों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया

**दी हरियाणा सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि. उचाना**

**सूचना**

आप सभी समिति सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दी हरियाणा सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि. उचाना की वर्ष 2023-24 की वार्षिक आम सभा की बैठक दिनांक 12-09-2025 दिन शुक्रवार को 11.00 बजे समिति कार्यालय में बुलाई गई है जिसका एजेण्डा आईटम समिति कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में देखे जा सकते हैं।

समिति सदस्यों (व्यक्तिगत सोसायटीज) को मिटिंग बारे लिखित सूचना अलग से नहीं भेजी जा रही है। अतः आप सभी समिति सदस्यों से इस विज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया जाता है कि सही समय व स्थान पर पहुंचने का कष्ट करें।

हस्ता/-प्रबन्धक, सहकारी विपणन समिति, उचाना।

## खबर संक्षेप

### बाबा मखदून पीर पर लगा विशाल मेला

**राजौंद।** मंडवाल रोड पर लोगों की श्रद्धा व आस्था के केंद्र बाबा मखदून पीर पर विशाल मेला लगा। मेले में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर माथा टेक घर की सुख-समृद्धि कि कामना की। मेला भाद्रपद की अमावस्या के बाद पहले गुरुवार को लगाया जाता है। इससे ठीक अगले दिन संतोख माजरा मार्ग पर स्थित सुल्तान पीर पर भी विशाल मेला लगता है।

### चोरों ने घर चुराए लाखों के गहने व सामान

**कैथल।** सीवन के सोथा रोड के मकान से चोर लाखों के गहने व सामान चुरा ले गए। महिला राजेंद्र कौर ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अगस्त को चोर उसके घर में घुसकर वहां पर रख चार तोले सोने, 16 तोले चांदी के जेवरात, 11000 रुपए अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 5 लाख बताई गई है।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** थाना तितरम क्षेत्र में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। तितरम थाना पुलिस के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एक युवक ने उसकी 16 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ की तथा उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध भी बनाए। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गया।

### सीएमओ को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन, वापस लेने की मांग

# जियो फेंसिंग के विरोध में स्वास्थ्य कर्मी, उपवास रख किया विरोध

जियो फेंसिंग भारतीय संविधान में दिए निजता के अधिकारों का हनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल में वीरवार को जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के विरोध में चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सिविल सीएमओ ऑफिस के सामने धरना देकर उपवास रखा। एसोसिएशनों ने सिविल सर्जन को सीएम व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डा. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी जब पहले ही बायोमेट्रिक आधारित अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं तो जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के तहत दर्ज करवाने को कोई औचित्य नहीं बनता। आदेशों को अव्यवहारिक व गैर कानूनी तथा भारतीय संविधान में दिए निजता के अधिकारों का हनन अधिकारों का भी उल्लंघन है। सभी विधायकों को ज्ञापन देने के बाद भी सरकार जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश वापस नहीं ले रही है। इसके विरोध में सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मुख सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक उपवास कर रोष जाहिर किया गया है।



जींद। उपवास पर बैठे स्वास्थ्यकर्मी व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



जींद। मांगों को लेकर डिप्टी सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि यदि फिर भी सरकार द्वारा जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के आदेश वापस नहीं लिए तो आगामी सात सितंबर को पुनः बैठक करके आगामी आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। तालमेल कमेटी के नेता राममेहर वर्मा ने कहा कि प्रदेश के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्वक आंदोलन कर आठ जुलाई को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी द्वारा राज्य की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपा था।

#### प्रताड़ित कर रही सरकार

मंत्री ने तालमेल कमेटी को समस्या के समाधान का भरोसा दिया था। जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के लिए किसी भी अधिकारी कर्मचारी को बाध्य नही किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा दिए गए भरोसे के बावजूद कुछ अधिकारी लगातार जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के गैर कानूनी आदेशों को वापस लेने की बजाय पत्र जारी कर सरकार व स्वास्थ्य कर्मचारियों में टकराव पैदा करके स्वास्थ्य विभाग तथा सरकार को बदनाम कर रहे हैं। चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों के अवकाश सहित तमाम सुविधाओं को रोककर उन्हें प्रताड़ित भी कर रहे हैं।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने बताया कि चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी अबतक काले बिल्ले लगाकर डयूटी करने, एक घंटे को रोष प्रदर्शन करने के उपरांत निजी मोबाइल फोन के माध्यम से जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के गैर कानूनी आदेश को वापस लेने के लिए राज्य के सभी विधायकों को ज्ञापन देकर विधानसभा में आवाज बुलंद करने की मांग भी कर चुके हैं। इस मौके पर डा. गौरव, डा. कपिल शर्मा, ओमपाल ढांडा, राजेश कालीरमण, संजय परमार, शर्मिला देवी, सुदेश रानी, प्रदीप लाठर, गुरनाम सिंह, शक्तिसिंह, सुशील शर्मा, कृष्ण रेढू, अनील लाठर, स्नेहलता, कोमल, अशोक, जीवन सिंह अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के सभी कर्मचारी अधिकारी जियो फेंसिंग के खिलाफ लामबंद

## सिविल सर्जन कार्यालय पर की सांकेतिक भूख हड़ताल

- जियो फेसिंग उपस्थिति को बताया निजात के अधिकार का हनन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने आदेश के विरोध में आज प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओ मे कार्यरत तमाम अधिकारियो, चिकित्सको , नर्सिंग तथां स्वास्थ्य कर्मचारियो ने राज्य के सभी सिविल सर्जन कार्यालयो पर सुबह 9 बजे से 5 बजे तक उपवास रखकर रोष प्रकट किया। स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी हरियाणा सिविल मैडीकल सर्विसिज एसोसिएशन के प्रधान डा. राजेश ख्यालिया, शर्मिला देवी व महासचिव सहदेव आर्य , अमित बुरा , जगदीप सिंह , डा. कपिल शर्मा, हरि राज, विनिता बांगड, रविन्द्र मलिक , राममेहर वर्मा , रमेश दूहन, राजेन्द्र सिंह ने बताया कि आज एक बार पुन जिला के तमाम अधिकारियो, चिकित्सको, नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मचारियो ने एकजुट होकर रोष प्रदर्शन करते हुए जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के गैर कानूनी आदेशो को नकार दिया है। सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मुख रोष प्रदर्शन करके राज्य के प्रदेश के सभी सिविल सर्जन के माध्यम से ज्ञापन देकर महामहिम राज्यपाल तथा सरकार से पुन माग की गई कि उक्त गैर कानूनी आदेश पर पुन विचार करते हुए तुरन्त प्रभाव से निरस्त करना चाहिये । तालमेल कमेटी के नेताओ ने बताया कि यदि इस रोष प्रदर्शन के बावजूद भी जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने के उक्त आदेश को निरस्त नही किया गया तो 7 सितम्बर को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की होने वाली बैठक मे निर्णायक आन्दोलन का ऐलान कर दिया जाएगा। उन्होने बताया कि प्रदेश के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी लौकतान्त्रिक तरीके से लागतार शान्तिपूर्वक आन्दोलन करते हुए गत 8 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी द्वारा राज्य की स्वास्थ्य मन्त्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौपा था जिसमे स्वास्थ्य मन्त्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के पदाधिकारियो को भरोसा दिया कि अधिकारियो से इस सम्बन्ध मे बातचीत करके समस्या का समाधान निकाला जायेगा और जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के लिए किसी भी अधिकारी कर्मचारी को बाध्य नही किया जाएगा।



#### मंत्री का आश्वासन भी नहीं आया काम

स्वास्थ्य मन्त्री के द्वारा दिये गये भरोसे के बावजूद कुछ अधिकारी लगातार जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने के गैर कानूनी आदेशो को वापिस लेने की बजाय अनाप - शनाप पत्र जारी कर सरकार व स्वास्थ्य कर्मचारियो मे टकराव पैदा करके स्वास्थ्य विभाग तथा सरकार को बदनाम करने की नाकाम कोशिश कर रहे है। इसके अलावा चिकित्सको व स्वास्थ्य कर्मचारियो के अवकाश सहित तमाम प्रकार की सुविधाओ को रोक कर गैर कानूनी ढग से प्रताडित भी कर रहे है।

#### विधायकों को सौंप चुके हैं ज्ञापन

उन्होने बताया कि चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी अब तक काले बिल्ले लगाकर डयूटी करने, एक घण्टे को रोष प्रदर्शन करने के उपरान्त अपने मोबाईल फोन के माध्यम से जियो फैन्सिग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के गैर कानूनी आदेश को वापिस लेने के लिए राज्य के सभी विधायको को ज्ञापन देकर विधान सभा मे आवाज बुलन्द करने की मांग भी कर चुके है।

### पीएमश्री राजकीय स्कूल नरवाना में खंड स्तरीय हिंदी दिवस पखवाड़े के तहत कार्यक्रम आयोजित



**नरवाना।** पीएमश्री राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नरवाना में खंड स्तरीय हिंदी दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी प्रवक्ता ईश्वर सिंह ने की। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर नीतू जांगड़ा बीआरपी रही। नरवाना खंड शिक्षा मीडिया प्रभारी राजेश टांक ने बताया कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम के निर्देशानुसार खंड शिक्षा नरवाना द्वारा हिंदी दिवस पखवाड़ा को विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विधाओं में अपनी-अपनी प्रतिभाओं का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मनाया गया। इस पखवाड़े को तीन भागों में बांटा गया। खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र आजाद ने हिंदी मातृभाषा शिक्षण के साथ-साथ हिंदी को और अधिक तवज्जो देने की बात कही। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी जिला जींद में नरवाना का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 14 सितंबर हिंदी दिवस के मौके पर डाइट इक्कीस में आयोजित हिंदी दिवस कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

# भक्ति भाव से सुनें भागवत कथा

- पुरानी अनाज मंडी में शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

रेलवे रोड स्थित पुरानी अनाज मंडी में श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा 10वां गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। इस बार गणपति उत्सव में आयोजकों द्वारा करवाई जा रही कथा का रसपान वृंदावन से पधारे कथावाचक छबीले छैल बिहारी जी महाराज के मुखारविंद किया जा रहा है। गुरुवार को कथा के पहले दिन कथा में मुख्य यजमान के रूप में सूरजभान फरैन ने शिरकत की। पहले दिन की कथा में कथा वाचक ने कथा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पहले दिन की कथा में धुंधकारी मोक्ष के बारे में प्रवचनों में बताया।



नरवाना। श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए कथा वाचक छबीले छैल बिहारी जी महाराज। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि किस तरह से धुंधकारी ने श्रीमद्भावत कथा सुनने के बाद मोक्ष की प्राप्ति की थी। उन्होंने कहा कि कथा को कभी भी मनोरंजन की दृष्टि से नहीं सुनना चाहिए। मनोरंजन की दृष्टि से कथा सुनना जघन्य अपराध है। उसे ध्यान से और मन लगाने के साथ भक्ति भाव से सुनना चाहिए। कथा को जीवन में उतारना चाहिए। धुंधकारी ने एक बार ही भागवत को याद किया था तो उनका उद्धार हो गया था। उन्होंने बताया कि श्री गणेश चतुर्थी में श्री शुभ लाभ सहित गणेश की पूजा करनी चाहिए। बुद्धि के देव गणेश देवताओं के समूह के भी अध्यक्ष हैं इसलिए गणेश महाराज को गणाध्यक्ष भी बोला जाता है। भक्ति ज्ञान वैराग्य तीनों की त्रिवेणी श्रीमद्भावत कथा में समाहित है। जब समाज में कुरीतियां या फिर बुराइयां फैलती हैंए तो हमें अध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए भारतीय ग्रंथों का आश्रय लेना होता है।

### एचएसईबी वर्कर की बैठक आंदोलन की दी चेतावनी

**सीवन।** एचएसईबी वर्कर यूनियन ब्लॉक सीवन की एक बैठक स्थानीय 132 केवी बिजली घर में प्रधान राजकुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं व लंबित मांगों पर मंथन किया गया। प्रधान ने एसडीओ पर कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कर्मचारियों के तबादले बिना किसी ठोस कारण के किए जा रहे हैं, जिससे स्टाफ में रोष है। समय रहते कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। आंदोलन के चलते यदि बिजली निगम को किसी भी प्रकार की हानि होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी एसडीओ सीवन की होगी।

# बिजली, पानी, सीवरेज संबंधित शिकायतों का किया समाधान

- योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे समाधान शिविर : विवेक आर्य

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि जनहित में समस्याओं का त्वरित निवारण करने एवं पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। लिहाजा अधिकारी ऐसे व्यक्तियों को अविलंब लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। जो इसके लिए पात्र हैं। एडीसी विवेक आर्य वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। शिविर में जींद के एसडीएम सत्यवान मान, नगराधीश मोनिका रानी, डीएमसी सुरेंद्र दुहन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एडीसी ने फरियादियों द्वारा रखी समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही समाधान किया। समाधान शिविर में बिजली, पीने का पानी, परिवार पहचान पत्र दुरुस्त करने, पेंशन, राजस्व, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी शिकायतें रखी गई।



जींद। समाधान शिविर में शिकायत सुनते हुए एडीसी।

# विकसित भारत के योद्धा स्किल्ड युवा

- महिला कॉलेज में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेमिनार में बोले राजकुमार भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंदिरा गांधी राजकीय महिला कॉलेज में वीरवार को महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के द्वारा हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से करियर ग्रोथ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल स्किल्स और आधुनिक तकनीक के महत्व से अवगत कराया गया। प्राचार्य जेएन गहलावत, राजकुमार भोला, आईटी एक्सपर्ट अंकिता खटकड़, प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. मोहित रांगी, ईशा बंसल मौजूद रही। राजकुमार भोला ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल स्किल्स का प्रशिक्षण ही युवाओं को आत्मनिर्भर भारत का सशक्त योद्धा बनाएगा। हमारा लक्ष्य है कि हर विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों के लिए तकनीकी रूप से तैयार हो और समाज के विकास में सक्रिय योगदान दे। सेमिनार की मुख्य वक्ता अंकिता खटकड़ ने कहा कि आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। आने वाले समय में प्रत्येक क्षेत्र कृ शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और व्यापार, एआई पर आधारित होगा।



जींद। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की जानकारी देते हुए अंकिता। फोटो : हरिभूमि

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उचाना की टीमों का रहा दबदबा



**उचाना।** राजीव गांधी स्टेडियम खरकभूरा में चली तीन दिवसीय जिला कबड्डी प्रतियोगिता में उचाना के खिलाड़ी अंडर 19, अंडर 17 में लड़कों ने प्रथम स्थान हासिल किया। लड़कियों में अंडर 17 द्वितीय स्थान पर रही जबकि अंडर 14 की खिलाडियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डीपीई सतीश खटकड़ ने बताया कि सभी आयु वर्गों में उचाना के छात्र व छात्रा खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसमें वह प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। उचाना के खिलाड़ी लगातार जिला स्तर व राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। अंडर 17 के फाइनल मैच उचाना व नरवाना का हुआ। जिसमें 25-20 में मुकाबले में उचाना ने जीत हासिल की। अंडर 19 के फाइनल में जींद-उचाना के मुकाबले में 30-31 के स्कोर के साथ उचाना ने मैच को जीता। सचिन खटकड़ बेस्ट रेडर बने व सुमित खटकड़ सबसे अधिक अंक प्राप्त कर वेस्ट कैचर रहे। इस मौके पर कोच शेरा, डीसीओ प्रेमचंद, पीटीआई प्रधान राममेहर मलिक, बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी संचालक जयभगवान मौजूद रहे ।

# एप पर दें गंदगी की जानकारी

- जिले में सात नवंबर तक चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ और हरा-भरा बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी मे स्वच्छता अभियान 2025 शुरू किया गया है। जो जिला में आगामी सात नवंबर यानी 11 सप्ताह तक चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ लोगों में स्वच्छता की आदत और व्यवहारिक परिवर्तन लाना है।

डीसी गुरूवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने कार्यालयों और कार्यक्षेत्रों में साफ.-सफाई का विशेष ध्यान रखें। जहां आवश्यकता हो वहां कार्यालय भवनों की मरम्मत करवाई जाए। कॉरिडोर में पड़ा कूड़ा, करकट हटाया जाए। शहर में यदि कहीं भी पानी के नाले, ड्रेन या सीवरेज के ढक्कन खुले पड़े हैं तो संबंधित विभाग उन्हें तुरंत ढकवाए। साथ ही बेसहारा पशुओं को उचित स्थान पर पहुंचाया जाए और कचरा डंपिंग प्वायंट व जलभराव वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। डीसी ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालय से इस अभियान की शुरुआत करें। उन्होंने कहा कि फिजिकल व डिजिटल दोनों प्रकार की स्वच्छता पर बल दिया जाना आवश्यक है।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्र और समाज निर्माण में बढ़ चढ़कर भाग लें स्वयंसेवक : पवन



**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसान में एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कार्यकारी प्रधानाचार्य पवन कुमार ने एनएसएस वॉलिंटियर्स को एनएसएस के महत्व व उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र व समाज निर्माण में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी श्री कृष्ण कुमार ने कैंप की रूपरेखा बताते हुए सभी स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहते हुए कैंप को सफल बनाने का आह्वान किया। स्वयंसेवकों ने अनुशासन का परिचय देते हुए सभी कक्षा कक्षों ,विद्यालय प्रांगण व छतों की सफाई की । एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय में पौधरोपण किया व सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाए। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर अपने-अपने विचार रखे और समाज से सभी सामाजिक बुराइयों को जड़ से खत्म करने का प्रण लिया। सभी स्टाफ सदस्यों ने इस कैंप को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार ने सभी स्वयंसेवकों और ने स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद किया।

**खेल-कूद** | मोती लाल नेहरू पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

# छात्रों ने क्रिकेट, कबड्डी, बॉक्सिंग, जूडो, शूटिंग स्वीमिंग और टेबल टेनिस में दिखाई प्रतिभा

अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे सभी विजेता खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जगह बनाई। प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने शूटिंग, क्रिकेट, बॉक्सिंग, जुडो, स्वीमिंग, ताईक्वांडो, कबड्डी, कैरम और टेबल टेनिस में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने न केवल भागीदारी निभाई बल्कि कई खेलों में विजयी होकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित किया। यह विद्यालय और पूरे जिले के लिए गौरव की बात है कि इतने सारे खेलों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।



जींद। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी प्रबंधक और प्राचार्य के साथ।

#### स्कूल चेयरमैन और प्राचार्य ने उपलब्धि पर दी बधाई

स्कूल प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बच्चों की ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे बच्चों ने इतनी बड़ी संख्या में जिला स्तर पर अपनी योग्यता साबित की और राज्य स्तर तक पहुंचने का गौरव अर्जित किया। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और खेल भावना का परिणाम है। विद्यालय सदैव अपने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट बनाने के लिए प्रयत्नशील रहता है। हमारा विश्वास है कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। आज के बच्चे कल के राष्ट्र निर्माता हैं और ऐसे बच्चों पर हमें गर्व है जो पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी देश.प्रदेश का नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं। विद्यालय हमेशा से पढ़ाई के साथ खेल की नीति पर बल देता आया है। विद्यालय यह मानता है कि छात्रों का समग्र विकास तभी संभव है, जब उन्हें शिक्षा के साथ.साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी समान अवसर मिले। उन्होंने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भी हमारे खिलाड़ी निश्चित ही सफलता अर्जित करेंगे और विद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में चमकाएंगे। विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा और हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे समाज और क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। खेल के क्षेत्र में ऐसे उज्ज्वल उदाहरण निश्चित रूप से अन्य बच्चों को भी प्रेरित करेंगे।